## PART-I ( भाग- I)

**All questions are compulsory:** **(10x1=10)**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं :**

**Choose the correct option:**

**सही विकल्प चुनिए:**

1. Learning occurs mainly through:

   (a) Heredity alone

   (b) Experience and practice

   (c) Instinctive behaviour

   (d) Biological maturation

   सीखना मुख्य रूप से किसके द्वारा होता है?

   (a) केवल वंशानुक्रम

   (b) अनुभव और अभ्यास

   (c) सहज/स्वाभाविक व्यवहार

   (d) जैविक परिपक्वता

2. Which of the following theory comes under Stimulus-Response theories?

   (a) Insight learning theory

   (b) Gestalt theory

   (c) Classical conditioning theory

   (d) Constructivist theory



   निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धांत उद्दीपन-प्रतिक्रिया सिद्धांतों के अंतर्गत आता है?

   (a) अंतर्दृष्टि अधिगम सिद्धांत

   (b) गेस्टाल्ट सिद्धांत

   (c) शास्त्रीय अनुबंधन सिद्धांत

   (d) रचनावादी सिद्धांत

3. Motivation mainly influences learning by:

   (a) Creating fatigue

   (b) Increasing anxiety

   (c) Directing and sustaining efforts

   (d) Reducing practice

   प्रेरणा सीखने को मुख्य रूप से कैसे प्रभावित करती है?

   (a) थकान पैदा करके

   (b) चिंता बढ़ाकर

   (c) प्रयासों को दिशा देकर और बनाए रखकर

   (d) अभ्यास को कम करके

4. A teacher revises key concepts at intervals to prevent forgetting. This is known as:

   (a) Massed practice

   (b) Spaced practice

   (c) Insight learning

   (d) Trial and error

भूलने से बचने के लिए शिक्षक कुछ-कुछ समय के अंतराल पर मुख्य बातों को दोहराता है।
इसे क्या कहते हैं?

(a) सामूहिक अभ्यास

(b) अंतराल वाला अभ्यास

(c) अंतर्दृष्टि अधिगम

(d) प्रयास और त्रुटि

5. The stage in which children talk aloud to guide their actions is:

(a) Babbling stage

(b) Telegraphic stage

(c) Egocentric speech

(d) Inner speech

वह अवस्था क्या कहलाती है जिसमें बच्चे अपने कार्यों को करने के लिए जोर-जोर से बोलते हैं?

(a) बड़बड़ाने की अवस्था

(b) टेलीग्राफिक अवस्था

(c) आत्मकेन्द्रित वाक्

(d) आंतरिक वाक्



6. Inner speech is important because it helps in:

(a) Pronunciation practice

(b) Silent thinking and self-regulation

(c) Social interaction only

(d) Rote memorization

आंतरिक वाक् महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मदद करता है:

(a) उच्चारण के अभ्यास में

(b) चुपचाप सोचने और स्वयं को नियंत्रित करने में

(c) केवल सामाजिक बातचीत में

(d) रटने में

7. Guidance at the elementary level mainly aims at:

(a) Career placement

(b) Examination coaching

(c) Holistic development of the child

(d) Intelligence testing

प्रारंभिक स्तर पर मार्गदर्शन का मुख्य उद्देश्य होता है:

(a) करियर प्रदान करना

(b) परीक्षा की तैयारी कराना

(c) बच्चे का सर्वांगीण विकास

(d) बुद्धि परीक्षण

8. Anecdotal records are used to record:

(a) Marks only

(b) Specific incidents of behaviour

(c) Annual performance

(d) Medical history

उपाख्यानात्मक विवरण का उपयोग किसे दर्ज करने के लिए किया जाता है?

(a) केवल अंक

(b) व्यवहार से जुड़ी विशेष घटनाएँ

(c) वार्षिक प्रदर्शन

(d) चिकित्सीय जानकारी

9. A hearing impairment most directly affects which area of development?

(a) Physical growth

(b) Language development

(c) Moral development

(d) Motor coordination

सुनने में कमी (श्रवण बाधिता) का सबसे अधिक प्रभाव किस विकास क्षेत्र पर पड़ता है?

(a) शारीरिक विकास

(b) भाषा विकास

(c) नैतिक विकास

(d) गत्यात्मक समन्वय



10. Prejudice against learners with disabilities mainly leads to:

(a) Improved motivation

(b) Social inclusion

(c) Low self-esteem and poor adjustment

(d) Better transfer of learning

दिव्यांग बच्चों के प्रति पूर्वाग्रह का मुख्य परिणाम होता है:

(a) प्रेरणा में वृद्धि

(b) सामाजिक समावेशन

(c) कम आत्मसम्मान और समायोजन में कठिनाई

(d) अधिगम का बेहतर स्थानांतरण

## PART-II ( भाग- II)

**All Questions are compulsory** **(5x2=10)**

**सभी प्रश्न अनिवार्य है**

**Choose the correct option**

**सही विकल्प का चयन करें**

11. Assertion (A): Insight learning emphasizes perception of the whole situation.

Reason (R): Gestalt psychology believes that the whole is greater than the sum of its parts.

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of A.

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of A.

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

(e) Both (A) and (R) are false.

कथन (A): अंतर्दृष्टि अधिगम पूरी परिस्थिति को समझने पर जोर देता है।

कारण (R): गेस्टाल्ट मनोविज्ञान मानता है कि सम्पूर्ण, भागों के योग से बेहतर होता है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(e) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

12. Assertion (A): Forgetting is always harmful.

Reason (R): Forgetting helps remove unnecessary information.



(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

(e) Both (A) and (R) are false.

कथन (A): भूलना हमेशा हानिकारक होता है।

कारण (R): भूलना अनावश्यक जानकारी को मिटाने में मदद करता है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(e) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

13. Assertion (A): Social interaction is essential for effective language acquisition.

Reason (R): Language develops best in isolation from social contact.

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

(e) Both (A) and (R) are false.

कथन (A): भाषा सीखने के लिए सामाजिक संपर्क आवश्यक है।

कारण (R): भाषा सामाजिक संपर्क से अलग रहकर बेहतर विकसित होती है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(e) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

14. Assertion (A): Aggressive behaviour affects learning negatively.

Reason (R): Emotional disturbances interfere with attention and memory.

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

(e) Both (A) and (R) are false.



कथन (A): आक्रामक व्यवहार सीखने को नकारात्मक रूप से प्रभावित करता है।

कारण (R): भावनात्मक परेशानियाँ ध्यान और स्मृति को प्रभावित करती हैं।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही हैं।

(e) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

15. Assertion (A): Prejudices against special learners are natural and unavoidable.

Reason (R): Awareness and education can reduce discriminatory attitudes.

(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(c) (A) is true, but (R) is false.

(d) (A) is false, but (R) is true.

(e) Both (A) and (R) are false.

कथन (A): विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के प्रति पूर्वाग्रह स्वाभाविक हैं और टाले नहीं जा सकते।

कारण (R): जागरूकता और शिक्षा से भेदभाव कम किया जा सकता है।

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।

(d) (A) गलत है लेकिन (R) सही है।

(e) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

## PART-III ( भाग- III)

**Attempt any 5 questions out of 8 questions in approx. 100 Words: (5x3=15)**

**निम्नलिखित 8 प्रश्नों में से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए:**

16. How can conditioning help reduce students' fear of examinations?

अनुबंधन परीक्षा के डर को कम करने में कैसे मदद कर सकता है?



17. How does learning differ from changes caused by biological factors?

जैविक कारणों से होने वाले परिवर्तनों से सीखना कैसे अलग है?

18. How can a teacher use Trial and Error learning while teaching mathematics?

गणित पढ़ाते समय शिक्षक प्रयास और त्रुटि विधि का उपयोग कैसे कर सकते हैं?

19. How interest influences memory, explain with a classroom example.

कक्षा के उदाहरण देकर बताइए कि रूचि स्मृति को कैसे प्रभावित करती है।

20. How does emotional state affect memory and learning?

भावनात्मक अवस्था स्मृति और सीखने को कैसे प्रभावित करती है?

21. Explain the role of early home training in language acquisition.

भाषा सीखने में प्रारंभिक घरेलू प्रशिक्षण की भूमिका समझाइए।

22. Distinguish between individual and group guidance.

व्यक्तिगत और समूह मार्गदर्शन में अंतर बताइए।

23. Who are first-generation learners? What challenges do they face?

प्रथम पीढ़ी के अधिगमकर्ता कौन होते हैं? उन्हें किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है?

## PART-IV ( भाग- IV)

**Attempt any 5 questions out of 8 questions in approx. 300 words: (8x5=40)**

**निम्नलिखित 8 प्रश्नों में से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए:**

24. Explain the Multiple Intelligences Theory proposed by Howard Gardner. Discuss the implications of Multiple Intelligences Theory for learning and teaching. (3+5)

    हॉवर्ड गार्डनर द्वारा प्रस्तावित बहुबुद्धि सिद्धांत की व्याख्या कीजिए। इस सिद्धांत के सीखने और शिक्षण पर क्या प्रभाव पड़ते हैं?

25. Differentiate between convergent and divergent thinking and explain their educational significance. How can a teacher promote both convergent and divergent thinking in daily classroom practices? (3+2+3)

    अभिसारी और अपसारी चिंतन में अंतर बताइए, और इनका शैक्षिक महत्व समझाइए। शिक्षक कक्षा में दोनों प्रकार के चिंतन को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं?

26. Discuss how a teacher can minimize forgetfulness among students and promote transfer of learning. (4+4)

    शिक्षक विद्यार्थियों में भूलने की प्रवृत्ति को कैसे कम कर सकते हैं और सीखने के स्थानांतरण को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं?

27. How do factors affecting memory and forgetting influence students' academic performance? (8)

    स्मृति और भूलने को प्रभावित करने वाले कारक विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि को कैसे प्रभावित करते हैं?

28. Discuss the functions of language in real life and inside the classroom. (8)

    वास्तविक जीवन और कक्षा में भाषा के कार्यों पर चर्चा कीजिए।

29. A child with a disability is frequently excluded from group activities in her class. Discuss any four reasons for this behaviour by her peers. Also, suggest any four appropriate measures that the teacher can adopt in class to change students' attitude towards the child with special needs and involve her in group activities. (4+4)

    एक दिव्यांग बच्ची को अक्सर उसकी कक्षा में सामूहिक गतिविधियों से अलग रखा जाता है। उसके सहपाठियों द्वारा इस व्यवहार के किन्हीं चार कारण बताइए। साथ ही, ऐसे किन्हीं चार उपयुक्त उपाय सुझाइए जो शिक्षक कक्षा में अपनाकर विद्यार्थियों का उस दिव्यांग बच्ची के प्रति दृष्टिकोण बदल सकें और उसे सामूहिक गतिविधियों में शामिल कर सकें।

30. Explain the importance of maintenance of student records in guidance and counselling programmes. (8)

    मार्गदर्शन और परामर्श कार्यक्रमों में विद्यार्थी अभिलेखों के रख-रखाव का महत्व समझाइए।

31. What do you understand by Children with special needs? Discuss the role of family, community, and neighbourhood in supporting learners with special needs. (2+6)

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों से आप क्या समझते हैं? विशेष आवश्यकता वाले शिक्षार्थियों के सहयोग में परिवार, समुदाय और पड़ोस की भूमिका पर चर्चा कीजिए।